पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सराहना की

लखनऊः 16 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को सोशल मीडिया में प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए फोन पर बात करके बधाई दी तथा पत्र भेजकर उनकी प्रशंसा की।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र में बधाई देते हुए कहा है कि 'आपकी तत्परता और त्वरित कारवाई की मैं सराहना करता हूँ। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस के संबंधित अधिकारियों एवं जवानों को भी मैं बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशंसनीय कार्य से सीख लेते हुए सभी जगह की पुलिस त्वरित कारवाई करती रहें। जनता को शासन एवं प्रशासन से ऐसी ही अपेक्षा होती है। आपके इस प्रयास से यह प्रमाणित हो गया कि सोशल मीडिया का उपयोग अपराध नियंत्रण में भी कितना महत्वपूर्ण हो सकता है'।

ज्ञातव्य है कि आज समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर से राज्यपाल को ज्ञात हुआ कि मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को सोशल मीडिया के माध्यम से उत्तराखण्ड के हरिद्वार से प्रदेश में लाये जा रहे अवैध धन की सूचना प्राप्त हुई थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए रूपये एक करोड़ सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया।